हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 14 नवंबर 2025

खेल मैदान में आने से भटके युवाओं को मिलेगी सही दिशाः सुभाष 12



'सरदार एटदीरेट 150 पदयात्रा' का गांव गोरखपुर में हुआ आयोजन 12



### एक्यूआई 350 के करीब, किसानों पर मढ़ा जा रहा आरोप

# बीघड़ रोड पर डम्पिंग स्टेशन के कचरे में आग से बढ़ रहा प्रदूषण

**नगरपरिषद के कूड़ा उठाने वाले ठेकेदार लगा रहे आग**

सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद शहर का कचरा डालने के लिए नगरपरिषद ने बीघड़ रोड पर खेतों के बीच डम्पिंग स्टेशन बनाया हुआ है। यहां पर पूरे शहर से इकट्ठा किया गया 35 से 40 टन कचरा यहां डम्प किया जाता है। इन दिनों डम्पिंग स्टेशन पूरी तरह भर चुका है। डम्पिंग स्टेशन से गीला, सूखा व प्लास्टिक अलग-अलग करने की बजाय नगरपरिषद के कूड़ा उठाने वाले ठेकेदार यहां आग लगा रहे हैं। इन दिनों फतेहाबाद में वायु गुणवत्ता सूचकांक 350 के करीब चल रहा है, जिसे मानव शरीर के लिए बेहद खतरनाक माना गया है। बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण का सारा दोष धान की पराली जलाने वाले किसानों पर डाला जा रहा है। पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड का इधर ध्यान ही नहीं है। दरअसल यह सारा काम स्टेट पॉल्युशन कंट्रोल बोर्ड का है। बोर्ड पर्यावरण प्रदूषित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय सिर्फ उद्योगों व ईंट भट्ठों के इर्द-गिर्द ही घूमता रहा है। प्लास्टिक कचरा जलाने से विशेष रूप से खतरनाक रसायन, जैसे डाइऑक्सिन और पॉलीसाइक्लिक कार्बनिक पदार्थ निकलते हैं, जो पर्यावरण के लिए और भी नुकसानदायक होते हैं। चिकित्सकों के अनुसार खुले में कचरा जलाने से निकलने वाला धुआं गाड़ियों के धुएं से भी अधिक खतरनाक होता है, जिससे हवा की गुणवत्ता में भारी गिरावट आती है। यह धुआं श्वसन संबंधी बीमारियों और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है।

■ धुआं श्वसन संबंधी बीमारियों का कारण बनता



फतेहाबाद। कचरे में आग से उठ रहा जहरीला धुंआ।

#### पर्यावरण को खतरा

फतेहाबाद में उपायुक्त द्वारा कूड़ा जलाने पर रोक लगा दी गई है। रोक के बावजूद कूड़े के ढेरों में आग लगने से गंभीर प्रदूषण बढ़ रहा है, जिससे स्वास्थ्य और पर्यावरण को खतरा हो रहा है। इस आग से निकलने वाले धुएं में नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड और डाइऑक्सिन जैसे जहरीले रसायन होते हैं, जो गाड़ियों और उद्योगों के धुएं से भी अधिक खतरनाक हो सकते हैं। इस समस्या को नियंत्रित करने के लिए जागरूकता, निगरानी और उचित अपशिष्ट प्रबंधन की आवश्यकता है। कचरा और प्लास्टिक जलाने से निकलने वाले धुएं में जहरीले रसायन होते हैं, जैसे कि सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, और भारी धातुएं। यह हवा को जहरीला बनाते हैं।

#### जिलाधीश ने प्लास्टिक एवं कचरा जलाने पर लगाया पूर्ण प्रतिबंध

**फतेहाबाद।** जिला फतेहाबाद में वायु गुणवत्ता को बनाए रखने तथा प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में किसी भी सार्वजनिक अथवा अधिकृत स्थान पर ठोस अपशिष्ट पदार्थ, प्लास्टिक अथवा कचरा जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। यह आदेश 10 जनवरी, 2026 तक प्रभावी रहेगा। इन अपशिष्ट पदार्थों के जलाने से उत्पन्न धुएं के कारण वायु प्रदूषण बढ़ता है, जिससे मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। शहरी क्षेत्र में नगर आयुक्त व ग्रामीण क्षेत्र में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस आदेश की कड़ाई से पालना सुनिश्चित कराएं। यदि कोई व्यक्ति इन निर्देशों का उल्लंघन करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 223 तथा वायु (प्रदूषण नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के अंतर्गत दंड का भागीदार होगा।

-डॉ. विवेक भारती, जिलाधीश फतेहाबाद

#### फसल अवशेष प्रबंधन में लगे अधिकारी पूरी सतर्कता से करें कार्यः उपायुक्त

**सिरसा।** उपायुक्त शान्तनु शर्मा ने फसल अवशेष प्रबंधन में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी ड्यूटी को पूरी सतर्कता के साथ करें और किसी प्रकार की लापरवाही न करें। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि पराली प्रबंधन के लिए किसानों को जागरूक किया जाए। खेतों में पूरी निगरानी रखते हुए आगजनी की घटनाओं पर पूर्ण अंकुश लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने किसानों से पराली में आग न लगाए जाने बारे अपील करते हुए पराली प्रबंधन करने का आह्वान किया।

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन पर आयोजित वीडियो कॉफ्रेंस उपरांत फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उप निदेशक कृषि डा. सुखदेव सिंह व सहायक कृषि अभियंता विजय कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# सेन्ट्रल एयर क्वालिटी कमीशन ने डीसी-एसपी को किया तलब

» पराली जलाने को रोकने में लापरवाही एसडीओ सहित 18 से जवाब मांगा

» एसपी ने 4 पुलिस कर्मी किए सस्पेंड, 18 को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पराली जलाने के मामले को रोकने में लापरवाही करने और ड्यूटी में कोताही बरतने के आरोप में सेन्ट्रल एयर क्वालिटी कमीशन (सीएक्यूएम) ने फतेहाबाद के उपायुक्त के साथ पुलिस अधीक्षक को भी तलब किया है। सीएक्यू ने दोनों आला अधिकारियों से 17 नवंबर तक जवाब मांगा है। उधर, कृषि विभाग के उपनिदेशक ने पराली जलाने से रोकने में नाकाम रहे चार उपमंडल अधिकारियों, 3 ब्लाक अधिकारियों के अलावा 11 विलेज लेवल कमेटी के नोडल अधिकारियों को नोटिस जारी किए हैं। इस बीच, एसपी सिद्धांत जैन ने पराली जलाने के मामले रोकने के असफल रहे 4 पुलिस कर्मचारियों को सस्पेंड करने के साथ 23 पुलिस कर्मचारियों को नोटिस जारी किया है। उधर, फतेहाबाद में वीरवार को भी स्मॉग छाया रहा। यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक यानि एक्यूआई खतरनाक लेवल पर 349 के खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। एक आगजनी की घटना गैर कृषि क्षेत्र में थी जबकि एक लोकेशन पंजाब क्षेत्र की थी। कृषि विभाग ने आगजनी के आरोप में 34 किसानों पर एफआईआर दर्ज करवा दी है। विभाग ने इन किसानों पर 2 लाख 5 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

#### 34 किसानों पर एफआईआर

जिले में अब तक 34 किसानों पर एफआईआर करवाई गई है। इतने ही किसानों पर 2 लाख 5 हजार रुपए का जुर्माना किया गया है। 4 सब डिवीजन लेवल के नोडल ऑफिसर, तीन ब्लॉक लेवल के नोडल ऑफिसर, 11 विलेज लेवल के नोडल ऑफिसरों समेत 18 कर्मचारियों-अधिकारियों को नोटिस जारी कर 72 घंटे में जवाब मांगा है।

-डॉ.राजेश सिहाग, कृषि उपनिदेशक



फतेहाबाद। खेतों में जलती पराली।

#### 23 पुलिसकर्मियो को नोटिस जारी

धान क्रखंड कृषि अधिकारी फतेहाबाद, विषय विशेषज्ञ अधिकारी जाखल व खंड कृषि अधिकारी रतिया शामिल हैं, के साथ ही 11 विलेज लेवल टीम के नोडल अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। इन नोडल अधिकारियों में गांव नहला, भिरड़ाना, फतेहाबाद, कन्हड़ी, साधनवास, हड़ौली, सहारना, बलियाला, हिम्मतपुरा, इंदाछोई, कन्हड़ी, नांगली व पोखरी के अधिकारी शामिल है। पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए एसपी सिद्धांत जैन ने भी अनेक पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगा रखी थी। अब जब मामले बढने लगे, खासकर टोहाना क्षेत्र में सर्वाधिक मामले सामने आए तब पुलिस अक्षीक्षक ने आगजनी रोकने में असफल रहे 4 पुलिस कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया है जबकि 23 पुलिस कर्मचारियों को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा गया है।

#### चौकी प्रभारी पहुंचे खेतों में

पराली जलाने की घटनाएं रोकने और किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस चौकी बड़ोपल के प्रभारी उपनिरीक्षक रमेश के नेतृत्व में पुलिस टीम खेतों में पहुंची। चौकी प्रभारी ने किसानों को पराली न जलाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है, जिससे पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है।

## खबर संक्षेप

#### कर्मचारी पर हमला करने के मामले में दो युवक काबू

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां की एक पाइप फैक्ट्री में काम करने वाले युवक पर जानलेवा हमला कर हत्या का प्रयास करने के मामले में भट्टूकलां पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले इसी मामले में चार आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। थाना भट्टूकलां प्रभारी उपनिरीक्षक राधे श्याम ने बताया कि यह मामला जयदेव पुत्र फकीरचंद निवासी डिंग मंडी के बयान पर दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, उसका बड़ा भाई जयभगवान, जो भट्टूकलां स्थित सौलंकी पाइप फैक्ट्री में कार्यरत है, 28-29 अक्टूबर की रात को गंभीर चोटों

#### पुलिस ने पोक्सो एक्ट के आरोपी को दबोचा

**फतेहाबाद।** बच्चों के विरुद्ध घटित अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने पोक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता ने थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी घर से बिना बताए कहीं चली गई। शिकायत प्राप्त होते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत मामला दर्ज किया और लडक़ी की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने मेहनत व तकनीकी साधनों के उपयोग से नाबालिग लडक़ी को बरामद किया तथा न्यायालय में धारा 183 बी.एन.एस.एस. के अंतर्गत बयान कराए गए।

#### किसान से मारपीट के मामले में आरोपी दबोचा

**फतेहाबाद।** जमीनी विवाद के चलते किसान से मारपीट करने के मामले में भट्टूकलां पुलिस ने एक अन्य नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। थाना भट्टूकलां प्रभारी उपनिरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि शिकायतकर्ता सुरेन्द्र कुमार पुत्र रामजी लाल निवासी गांव किरढ़ान ने थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि जब वह अजीत के खेत में बुआई करने जा रहा था, तो नामजद आरोपियों ने रास्ता रोककर उसके साथ तथा अजीत के साथ मारपीट की। बताया गया कि आरोपियों का अजीत के साथ जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था।

## पुलिस ने युवक को दो किलो 420 ग्राम चूरापोस्त सहित किया गिरफ्तार

**डबवाली।** पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान गांव जोतावाली क्षेत्र से मोटरसाइकिल सवार एक युवक को दो किलो 420 ग्राम चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। एएनसी प्रभारी डबवाली रणजोध सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान जोतावाली से राजस्थान सीमा की तरफ जा रही थी। इसी दौरान जोतावाली के श्मशानघाट के निकट एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति आता दिखाई दिया जो कि पुलिस टीम को देखकर वापस मुड़कर भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर लिया और उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से दो किलो 420 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान नरेंद्र कुमार निवासी हनुमानगढ़ के रूप में हुई है।

■ चेकिंग के दौरान गांव जोतावाली क्षेत्र में कार्रवाई



सिरसा। पकड़ा गया चूरापोस्त तस्कर।

## मिनी बाईपास पर लाइन बिछाने के दौरान टूटी सीवरेज व पेयजल लाइन, रूट डायवर्ट होने से वाहन चालक परेशान

■ खुदाई स्थल पर भरा दूषित पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

मिनी बाइपास स्थित चतरगढ़पट्टी फाटक अब 15 नवंबर तक बंद रहेगा। जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा बिछाई जा रही मुख्य सीवरेज लाइन के कार्य के दौरान पुरानी सीवरेज व पेयजल लाइन टूटने से काम में रुकावट आ गई है। इससे पेयजल सप्लाई प्रभावित हुई है और खुदाई स्थल पर दूषित पानी भर गया है, जिससे एजेंसी को पाइप लाइन बिछाने में परेशानी हो रही है। एजेंसी ने विभाग को सूचित किया है कि लाइन बिछाने का कार्य अब तीन दिन अतिरिक्त लेगा। काम पूरा होने के बाद सडक़ की मरम्मत कर फाटक को यातायात के लिए खोला जाएगा। तब तक आमजन को डायवर्ट किए गए मार्गों का उपयोग करना होगा। जन स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, चतरगढ़पट्टी फाटक पर अंडरपास और ओवरब्रिज का निर्माण प्रस्तावित है। इस निर्माण से पहले पेयजल और सीवरेज लाइन को शिफ्ट किया जा रहा है ताकि आगे पुल निर्माण में कोई दिक्कत न आए। बीएंडआर व रेलवे विभाग की संयुक्त टीमों ने निरीक्षण के बाद जन स्वास्थ्य विभाग को लाइन शिफ्टिंग का एरिया मार्क कर दिया था। 20 फीट गहराई तक खुदाई के दौरान पुरानी सीवरेज लाइन आने से पानी भर गया, जिसके चलते पूरा दिन एजेंसी के कर्मचारी पानी निकालने के काम में लगे रहे। अब अगर स्थिति सामान्य रही तो 15 नवंबर तक काम पूरा हो जाएगा

#### तीन दिन के अंदर कार्य होगा पूरा

जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ रायसिंह सिद्धू ने बताया कि दो से तीन दिनों के अंदर लाइन बिछाने का काम पूरा कर दिया जाएगा। पेयजल लाइन टूटने के बाद उसकी मरम्मत शुरू कर दी गई है। सुरक्षा के मद्देनजर 15 नवंबर तक रास्ते और फाटक बंद रखे गए हैं।

**भोजा राम धर्मशाला में जादू शो**

## आंखों पर पट्टी बांध बाइक चलाकर जादूगर सम्राट ने दिखाया कमाल

**रतिया।** रतिया में शुरू हो रहे मैजिक शो से पहले प्रसिद्ध जादूगर सम्राट प्रिंस ने अपनी आंखों पर पट्टी बांधकर मोटरसाइकिल चलाते हुए अपने हैरतअंगेज कौशल का प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन रतिया की भोजा राम धर्मशाला में शुरू हो रहे जादू शो से पूर्व किया गया। टोहाना रोड स्थित शिव ऑटोमोबाइल्स से इस जादुई राइड की शुरुआत हुई, जिसे शहर थाना प्रभारी रणजीत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जादूगर सम्राट प्रिंस ने आंखों पर पूरी तरह से पट्टी बांधकर भी भीड़भाड़ वाली सडक़ों पर मोटरसाइकिल को सहजता और संतुलन के साथ चलाया तथा रास्ते में खड़े लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया।



रतिया। जादूगर को आंखों पर पट्टी बांधकर रवाना करते एसएचओ रणजीत सिंह

## मॉडल टाउन में गांजा बेचने की फिराक में घूम रहे दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए फतेहाबाद टीम ने दो युवकों को गांजा सहित काबू किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना शहर फतेहाबाद में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि उपनिरीक्षक गोविंद अपनी टीम के साथ गश्त और अपराध जांच के दौरान पपीहा पार्क के पास मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि दो युवक मुकेश कुमार उर्फ काला निवासी भिरडाना और मोनू उर्फ मोनी निवासी नंगथला, जिला हिसार सरकारी अस्पताल के आसपास गांजा बेचने के लिए घूम रहे हैं। सूचना की पुष्टि के बाद टीम ने तत्परता से रेड की और दोनों आरोपियों को मौके से काबू किया। आरोपियों की नियमानुसार तलाशी ली गई, जिसमें मुकेश के कब्जे से 1 किलो 700 ग्राम गांजा और मोनू के कब्जे से 1 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

■ मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान



फतेहाबाद। गांजा सहित गिरफ्तार दोनों युवक।

## पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार हेरोइन सहित दबोचे

**7 ग्राम 6 मिलीग्राम नशा बरामद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सीआईए सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चैकिंग के दौरान गांव बणी क्षेत्र से बाइक सवार एक युवक को हजारों रुपए की 7 ग्राम 6 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि सीआईए सिरसा कि एक पुलिस टीम गांव बणी की तरफ जा रही थी। इस दौरान पुलिस पार्टी जब गांव बणी में पहुंची तो सामने गली में से एक बाइक सवार युवक आता नजर आया। उक्त युवक ने पुलिस टीम को देखकर वहां से फरार होने का प्रयास किया तो पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 7 ग्राम 6 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान कुलदीप निवासी चंडीगढिय़ा मोहल्ला गांव बणी जिला सिरसा के रूप में हुई है। सिरसा सीआईए प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ थाना रानियां में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्जकर जांच शुरु की गई है।

**चर्चा** अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों की बैठक को किया संबोधित

# शिक्षण संस्थान व अस्पताल होंगे स्ट्रीट डॉग फ्री, नोडल अधिकारी होंगे नियुक्तः एडीसी

**कुत्तों की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए नगर परिषद जल्द ही एजेंसी नियुक्त करेगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा के अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने कहा कि जिला में शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों सहित अन्य संस्थानों को स्ट्रीट डॉग फ्री बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाया जाए। इस अभियान के बेहतर क्रियान्वयन लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। इसके साथ ही शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया जाए, ताकि आमजन स्ट्रीट डॉग से संबंधित समस्या बारे अपनी शिकायत कर सकें। एडीसी वीरेंद्र सहरावत वीरवार को पशु नियंत्रण अधिनियम, 2023 के प्रभावी क्रियान्वयन बारे आयोजित बैठक में अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों और अन्य संस्थानों को स्ट्रीट डॉग से मुक्त रखने की कार्य



सिरसा। अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते एडीसी। फोटो : हरिभूमि

#### नोडल अधिकारियों की होगी नियुक्ति

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सभी संबंधित संस्थानों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी, जो यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके परिसर में कोई भी स्ट्रीट डॉग मौजूद न हो। शिक्षण व अन्य संस्थानों को अपने परिसरों की चारदीवारी करनी होगी ताकि कुत्ते अंदर प्रवेश न कर सकें। प्रत्येक संस्थान को नगर परिषद को स्ट्रीट डॉग फ्री होने का आधिकारिक प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।

#### कुत्तों का होगा टीकाकरण

एडीसी ने कहा कि कुत्तों की बढ़ती समस्या से निपटने के लिए नगर परिषद जल्द ही एजेंसी को नियुक्त करेगी। एजेंसी सडकों पर घूमने वाले कुत्तों को पड़कने का काम करेंगी। पकड़े गए कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण किया जाएगा, ताकि उनकी संख्या को नियंत्रित किया जा सके और रेबीज जैसी बीमारियों के प्रसार को रोका जा सके। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि यदि कोई कुत्ता काटता है, तो उसे तुरंत उस स्थान से हटाकर विशेष रूप से बनाए गए सेल्टर होम में ले जाया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक नगर परिषद क्षेत्र में एक सेल्टर होम स्थापित किया जाएगा ताकि ऐसे मामलों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जा सके।

## तेल डलवाकर कार चालक बिना पैसे दिए फरार

**ओढां।** राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 9 पर गांव पन्नीवाला मोटा के समीप पुलिस नाके के पास स्थित शर्मा पेट्रोल पंप से एक कार चालक तेल डलवाकर बिना पैसे दिए कार भगा ले गया।

सूचना के बाद ओढां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। जानकारी अनुसार बीती रात 8:38 बजे सिरसा की तरफ से आई एक स्विफ्ट कार पंप पर आकर रुकी। कार में एक व्यक्ति व एक बच्चे सहित 2 लोग सवार थे। पंप पर मौजूद कारिंदे से 1 हजार रुपए का तेल डालने को कहा।

कारिंदे ने जब तेल डालकर पैसे मांगे तो चालक बिना पैसे दिए एकदम से कार को डबवाली की तरफ भगा ले गया। कार चालक ने कार की नंबर प्लेट पर टेप लगाकर नंबरों को छिपाया हुआ था। ये घटना पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है।

टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# अच्छे-अच्छे कामों के साथ फुल एंज्वॉयमेंट



बच्चो, सोचो जरा चिल्ड्रेंस-डे पर अगर कोई एंजेल आकर तीन विशेज मांगने को कहे तो क्या मांगोगे या फिर अगर कोई सुपर पॉवर मिल जाए तो क्या करना चाहोगे? ये सवाल **बालभूमि** ने पूछे टीवी शोज के चाइल्ड आर्टिस्ट्स से। साथ में यह भी पूछा कि वे चिल्ड्रेंस-डे कैसे सेलिब्रेट करते हैं, इनके बालभूमि के अपने नन्हे दोस्तों के लिए क्या मैसेज है?

## बच्चों के लिए एक नो-जजमेंट-जोन बनाना चाहूंगा: सुभान खान



**सोनी सब** के शो 'गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय' में बाल कार्तिकेय की भूमिका सुभान खान निभा रहा है। उससे जब पूछा गया कि अगर कोई एंजेल उसकी तीन विशेज पूछे तो वह क्या होगी, उसने एक पल सोचा फिर बोला, 'मेरी पहली विश होगी कि दुनिया में एक भी बच्चा भूखा न रहे। हर बच्चे को शिक्षा मिले। हर बच्चे के चेहरे पर बिग स्माइल हो। एंजेल से मेरी दूसरी विश होगी कि मेरे सारे फैंस और दोस्त खूब टैलेंटेड बनें, उन्हें सक्सेस मिले। मेरी तीसरी विश होगी कि मुझे हमेशा अच्छे शोज में काम करने का मौका मिले ताकि मैं अपने ऑडियंस को एंटरटेन करता रहूं।' सुभान खान को अगर सुपर-पॉवर मिल जाए तो वह क्या करेगा, पूछने पर वह जवाब देता है, 'अगर मुझे सुपर-पॉवर मिल जाए तो मैं सबसे पहले यह श्योर करूंगा कि दुनिया के हर बच्चे को राइट-टू-एजुकेशन के साथ, राइट-टू-इमोशनल-सपोर्ट मिले। मैं बच्चों के लिए एक 'नो-जजमेंट-जोन' बनाना चाहूंगा, जहां कोई भी उन्हें उनके लुक्स, मार्क्स या सपनों के लिए जज न करे। उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए पूरी आजादी मिले।' सुभान चिल्ड्रेंस-डे कैसे सेलिब्रेट करता है, वह बताता है, 'हम सेट पर ही केक काटते हैं, चॉकलेट्स शेयर करते हैं और जमकर मस्ती करते हैं।' चिल्ड्रेंस-डे के अवसर पर सुभान 'बालभूमि' के अपने दोस्तों के लिए मैसेज देता है, 'मैं बस इतना कहना चाहूंगा कि नेवर स्टॉप ड्रीमिंग। आप जो भी बनना चाहते हैं, उसके लिए मेहनत करें। हैप्पी चिल्ड्रेंस-डे।' *



## सड़क पर रहने वालों के लिए घर बनवाऊंगा: सैयांश गुप्ता



**सोनी सब** चैनल के पॉपुलर शो 'इत्ती सी खुशी' में बनी दिवेकर का रोल निभा रहे सैयांश गुप्ता से जब चिल्ड्रेंस-डे पर किसी एंजेल से मिलने और तीन विशेज पूरी करने के बारे में पूछा गया तो वह बड़े भोलेपन से कहता है, 'मैं एंजेल से बहुत सारे खिलौने और टेडी बियर मांगूंगा। मैं दूसरी विश मांगूंगा कि मैं इतना सक्सेसफुल बन जाऊं, जिससे मेरे मम्मी-पापा को मुझ पर प्राउड फील हो। तीसरी विश में मैं एंजेल से सभी के लिए खुशियां मांगूंगा।' अगर सैयांश को सुपर पॉवर मिल जाए तो वह क्या करेगा, वह बताता है, 'यदि मुझे सुपर पॉवर मिलेगी, तो मैं ऐसे लोगों के लिए घर बनवाऊंगा, जो सड़कों पर रहने को मजबूर हैं। उन लोगों को खाना खिलाऊंगा, जिन्हें पेटभर खाना नहीं मिल पाता। मैं चाहता हूं कि कोई भी इंसान भूखा या बेघर न रहे।' सैयांश इस बार कुछ अलग ढंग से चिल्ड्रेंस-डे सेलिब्रेट करने की सोच रहा है। वह बताता है, 'मैं हर साल चिल्ड्रेंस-डे अपने फ्रेंड्स के साथ खूब एंज्वॉय करता हूं। इस बार मैं कुछ अलग करना चाहता हूं। मैंने तय किया है कि मैं चिल्ड्रेंस-डे पर जरूरतमंद बच्चों को खाना खिलाऊंगा और पूरा दिन उन्हीं के साथ बिताऊंगा। उनके साथ मेरा दिन भी खास बन जाएगा, क्योंकि मुझे कई सारे चेहरों पर मीठी-मीठी मुस्कुराहट देखने को मिलेगी।'



सैयांश का 'बालभूमि' के अपने दोस्तों को मैसेज है, 'मैं अपने सभी दोस्तों से यही कहना चाहूंगा कि खूब खाओ-पीयो और मस्ती करो। खूब धमाल मचाओ, लेकिन किसी को परेशान मत करो। आप अच्छे बनकर रहेंगे तो सभी आपके साथ अच्छा व्यवहार करेंगे, आपसे प्यार करेंगे।' * प्रस्तुति: बालभूमि फीचर्स

## मेरी विश होगी मुझे ऑस्कर अवार्ड मिले: हरीति जोशी




**हरीति जोशी** इन दिनों सन नियो चैनल के शो 'दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा का किरदार निभा रही है। वह हंसते हुए कहती है, 'अगर कोई एंजेल आकर मेरी तीन विशेज पूरी करने की बात कहे, तो मैं उससे पहली विश मांगूंगी कि मुझे ऑस्कर अवॉर्ड मिले, ताकि मेरे परिवार और देश का नाम रोशन हो। मेरी दूसरी विश होगी कि मैं क्रूज वैकेशन पर जाऊं, जहां मैं समंदर के बीच मजे करूं। मेरी तीसरी विश होगी कि हमारा भारत एजुकेशन में दुनिया में सबसे आगे हो, यहां हर बच्चा अच्छे स्कूल में पढ़े और सभी को अच्छी से अच्छी शिक्षा मिले।' हरीति नेचर और एनवॉयर्नमेंट को लेकर भी काफी अवेयर है। वह कहती है, 'अगर मुझे कोई सुपर पॉवर मिल जाए तो मैं सबसे पहले अपने पर्यावरण को बचाना चाहूंगी। मैं पेड़ों को काटने से रोकूंगी, हर जगह पेड़ लगवाऊंगी और नदियों को साफ रखूंगी। मैं चाहूंगी कि हमारी धरती हमेशा हरी-भरी और खूबसूरत रहे।' हरीति ने वैसे तो इस बार चिल्ड्रेंस-डे को लेकर कुछ खास प्लानिंग नहीं की है, लेकिन उसे सेट पर किसी सरप्राइज की उम्मीद है। वह बताती है, 'इस बार मैं अपने शो के सेट पर ही चिल्ड्रेंस-डे सेलिब्रेट करूंगी। इसके अलावा मैं स्कूल और अपने घर के आस-पास के बच्चों को चॉकलेट्स भी बांटूंगी।' चिल्ड्रेंस-डे पर हरीति 'बालभूमि' के अपने दोस्तों को यह मैसेज देती है, 'अपने सभी दोस्तों से मैं यही कहूंगी कि हमेशा खुश रहें, स्ट्रॉन्ग बनें और अपने सपनों को साकार करें। बड़ों की बात मानें, पढ़ाई करें, खेलें और खुश रहें।' *

प्रेरणा / विनय कुमार पाठक


कुछ बच्चे अपनी पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ अपने इनोवेटिव आइडियाज से दूसरों की हेल्प भी करते हैं। इन्हीं लोगों में है अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की किशोरी तेजस्वी मनोज। तेजस्वी को टाइम मैग्जीन ने 'किड ऑफ द ईयर' चुना है।

## सीनियर सिटीजंस को साइबर क्राइम से बचा रही है मल्टी-टैलेंटेड तेजस्वी मनोज



बच्चो, प्रतिष्ठित टाइम मैग्जीन ने अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की 17 वर्षीया तेजस्वी मनोज को 'किड ऑफ द ईयर-2025' चुना है। तेजस्वी अमेरिका के टेक्सास राज्य के लेवनान ट्रेल हाई स्कूल में पढ़ती है। तुम जरूर जानना चाहोगे कि तेजस्वी ने आखिर ऐसा क्या किया, जो उसे यह प्रतिष्ठित सम्मान मिला है।

**तेजस्वी मनोज की उपलब्धि:** तेजस्वी ने कुछ समय पूर्व 'शील्ड सीनियर' नाम की एक वेबसाइट बनाई। इस वेबसाइट पर बुजुर्गों को सिखाया जाता है कि किस तरह वे संदिग्ध ई-मेल या मैसेज को पहचानें और उसकी कहां रिपोर्ट करें? साथ ही साइबर फ्रॉड से कैसे बचें? टाइम मैग्जीन ने 'शील्ड सीनियर' की फाउंडर तेजस्वी को उसकी इस उपलब्धि के लिए न केवल 'किड ऑफ द ईयर' चुना है, साथ ही मैग्जीन में तेजस्वी की इस उपलब्धि और उसके काम पर विशेष आलेख भी प्रकाशित किया गया है।



**कहां से मिली प्रेरणा:** तेजस्वी को 'शील्ड सीनियर' बनाने की प्रेरणा एक घटना से मिली। एक दिन उसने सुना कि साइबर ठगों ने उसके दादाजी को धोखा देने की कोशिश की। यह बात सुनकर तेजस्वी सोच में पड़ गई, 'अगर मेरे दादाजी के साथ ऐसा हो सकता है, तो इससे कितने और बूढ़े लोग परेशान होते होंगे?' उसने इंटरनेट पर खोजबीन शुरू की और पाया कि 2024 में करीब 8,60,000 साइबर स्कैम हुए, जिनसे लोगों के लगभग 16 बिलियन डॉलर ठगे गए। इनमें से एक तिहाई से अधिक रकम 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों से ठगी गई थी। तेजस्वी को यह देखकर बहुत चिंता हुई। उसने निश्चय किया कि वह सीनियर सिटीजंस को इन धोखेबाजों से बचाने के लिए कुछ करेगी। एक साल के भीतर ही उसने 'शील्ड सीनियर' नाम की वेबसाइट बना डाली।

**मल्टी-टैलेंटेड है तेजस्वी:** तेजस्वी बहुमुखी प्रतिभा की धनी है। वह स्काउटिंग अमेरिका की सक्रिय सदस्य है। वह बहुत अच्छा वायलिन बजाती है। वह अपने स्कूल की ऑर्केस्ट्रा टीम में भी शामिल है। साथ ही एक एनजीओ के साथ मिलकर शरणार्थी बच्चों को गणित और अंग्रेजी पढ़ाती है।

बच्चो, तेजस्वी हमें इस बात के लिए प्रेरित करती है कि उम्र छोटी हो या बड़ी, अगर हम ठान लें तो किसी भी समस्या का हल खोज सकते हैं। *

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## पापा तुमने कभी न जाना

पापा तुमने कभी न जाना
क्यों हम गुमसुम होते हैं।
मम्मी तुमने कभी न समझा
आखिर क्यों हम रोते हैं।
नींद नहीं पूरी हो पाती
सुबह जागना पड़ता है।
हड़बड़-तड़बड़ भारी बस्ता
लाद भागना पड़ता है।
सब कहते पढ़ने-लिखने को
विद्यालय हो चाहे घर।
कोई कभी नहीं कहता कि
बच्चों खेलो जी भरकर।
नहीं चाहिए हमें खिलौने
नहीं चॉकलेट, ना टॉफी
मम्मी प्यार करो, दुलराओ
बस इतना ही है काफी।
थोड़ा समय हमें दो पापा
धंधे से छुट्टी पाकर।
कभी तो बैठो पास हमारे
ऑफिस से जल्दी आकर।
पापा हमसे कहें कहानी
मम्मी हमको दुलराएं।
फिर तो हम खुश रहें हमेशा
कभी न रोएं, चिल्लाएं।



एआई इमेज



कहानी
गोविंद भारद्वाज

समझदारी और साहस हो तो बच्चे क्या नहीं कर सकते! यश और हर्ष ने एक बच्चे को टी-स्टॉल पर पिटते देखा तो दोनों ने जाकर उसे बचाया। पता चला टी-स्टॉल का मालिक उस बच्चे से बाल मजदूरी कराता है। क्या यश और हर्ष उस बच्चे की कोई मदद कर सके, टी-स्टॉल वाले को सबक सिखा सके?

## नन्हे जागरूक



यश और हर्ष दोनों सगे भाई हैं। वे हमेशा एक-दूसरे के साथ रहते हैं। स्कूल भी साथ ही आया-जाया करते हैं। उन दोनों भाइयों में आपस में बहुत प्यार है, कभी आपस में लड़ते-झगड़ते नहीं हैं। दोनों भाई समझदार और साहसी हैं। एक शाम दोनों भाई बाजार जा रहे थे। रास्ते में एक चाय की दुकान के सामने काफी भीड़ जमा देखी। यश ने पूछा, 'हर्ष, यहां पर इतनी भीड़ क्यों जमा है?'

'मुझे तो किसी लड़के की रोने की आवाज आ रही है। लगता है कोई किसी बच्चे को पीट रहा है।' हर्ष भीड़ से आ रहे शोर को ध्यान से सुनते हुए बोला।

दोनों भाई तेज कदमों से भीड़ के पास गए। उन्होंने देखा, एक आदमी दस-बारह साल के बच्चे को बुरी तरह से पीट रहा है। खड़ी भीड़ सिर्फ तमाशा देख रही है। कोई भी उस बच्चे को बचाने का प्रयास नहीं कर रहा है। यश और हर्ष को यह सब देखकर बहुत बुरा लगा। दोनों को बहुत गुस्सा आया। यश ने उस आदमी को रोकते हुए पूछा, 'अंकल, आप इस बच्चे को क्यों पीट रहे हैं?' 'तुम कौन होते हो मुझसे यह पूछने वाले... चलो फूटो यहां से।' आदमी गुस्से से बोला।

यह सुन यश-हर्ष को और ज्यादा तेज गुस्सा आ गया। यश ने बच्चे का हाथ पकड़ा और बोला, 'मैं हूं यश और यह है हर्ष। अब बताएं आप इसे क्यों मार रहे हैं?'

वह आदमी गुस्से से बोला, 'इसने मेरा नुकसान किया है।' 'कैसा नुकसान?' यश ने तुरंत पूछा।

'इसने कांच के गिलास धोते समय तोड़ दिए हैं।' वह आदमी, जो टी-स्टॉल का मालिक था, गुस्से से लाल होकर बोला।

'क्या आप इसे अपने टी-स्टॉल पर नौकर रखकर इससे जूठे गिलास, बर्तन धुलवाते हैं?' हर्ष ने कुछ तेज स्वर में पूछा। टी-स्टॉल वाला बोला, 'क्यों नहीं धुलवाऊं गिलास, कप-प्लेट, बर्तन। पूरे पांच सौ रुपए देता हूं इसे हर महीने।' हर्ष फिर पलट कर बोला, 'इसका मतलब यह हुआ कि आप एक गरीब बच्चे से मजदूरी करवा रहे हैं, बाल मजदूरी। आपको पता होना चाहिए कि छोटे बच्चे को मजदूरी पर रखना कानूनन जुर्म है?'

'जुर्म... कैसा जुर्म?' टी-स्टॉल वाले ने आश्चर्य और गुस्से से पूछा।

'इसकी पढ़ने की उम्र में आपने इसे काम पर रख रखा है। दूसरा यह कि यह नाबालिग है, फिर भी आपने इसे काम पर रखा है। ऊपर से आप इसे पूरा मेहनताना भी नहीं दे रहे हैं। ये सब अपराध की श्रेणी में ही आता है अंकल जी... ।' यश ने अंगुलियों पर चाय वाले के जुर्म गिना दिए। यश की ये सब कानूनी बातें सुनकर टी-स्टॉल वाले का दिमाग चकरा गया, उसने पूछा, 'तुम बच्चों को कैसे पता... ये कानूनी बातें?'

हर्ष ने मुस्कुराते हुए बताया, 'अंकल, समय-समय पर हमारे स्कूल में इस बारे में जानकारियां दी जाती हैं। टीवी-अखबारों में भी इन सब की जानकारी दी जाती है। एक और बात बताऊं अंकल?'

'कौन-सी बात?' टी-स्टॉल वाले ने तुरंत पूछा।

हर्ष ने बताया, 'हमारे पापा-मम्मी दोनों ही शहर के जाने-माने वकील हैं।'

यह सुनकर वह आदमी घबराने की बजाय उल्टे बच्चों पर बिगड़ उठा, 'एक तो इस बच्चे की गरीबी पर रहम खाते हुए हमने नौकरी दी, ऊपर से तुम लोग मुझे ही अपराधी ठहरा रहे हो। चलो भागो यहां से वरना... ।'

'वरना क्या, हमें मारोगे? हम इसे आपके चुंगल से छुड़वाए बिना कहीं नहीं जाने वाले। हमारी बात मान लो वरना हम पुलिस को बुलाएंगे।' हर्ष कड़े स्वर में बोला।

'बुलाओ पुलिस ... जो भी करना है करो। बड़े आए हैं मुझको धमकाने। इस टी-स्टॉल पर न जाने कितने पुलिसवाले, वकील और तुम जैसे रोज आते हैं चाय पीने, उन्होंनें कभी मुझे नहीं टोका।' टी-स्टॉल वाला बोला।

हर्ष तुरंत पास की एक परिचित दुकान में गया, वहां से फोन पर उसने पुलिस कंट्रोल रूम को पूरी घटना की जानकारी दी। कुछ देर बाद ही पुलिस की गाड़ी वहां आ गई। अब तो वहां खड़ी भीड़ को भी जोश आ गया। उन सबने टी-स्टॉल वाले के खिलाफ बोलना शुरू कर दिया। यश और हर्ष की होशियारी और हिम्मत के सामने टी-स्टॉल मालिक की एक न चली। उस कप-प्लेट धोने वाले बच्चे ने पुलिस को टी-स्टॉल के मालिक की सारी करतूतें बताईं। पुलिस वाले तुरंत उसे थाने ले गए और बच्चे को बाल सुरक्षा गृह में भिजवा दिया गया। यश और हर्ष की जागरूकता और हिम्मत के कारण उस अनाथ बच्चे को बाल मजदूरी से छुटकारा मिल गया।

अगले दिन सभी अखबारों में यश और हर्ष की बहादुरी और समझदारी की खबर उनकी तस्वीरों के साथ छपी थी। जिला प्रशासन ने दोनों भाइयों को 'नन्हे जागरूक नागरिक' सम्मान देने की घोषणा की। कई दिनों तक शहर में यश-हर्ष की चर्चा होती रही। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## प्रेरित करती कहानियां

बाल कथाओं की एक किताब 'हारिए न हिम्मत' कुछ समय पहले छपकर आई है। इसमें नौ कहानियां और महान देशभक्त, क्रांतिकारी बिरसा मुंडा के जीवन की प्रमुख घटनाओं को संकलित किया गया है। इसके लेखक डॉ. दिनेश पाठक 'शशि' हैं। बच्चो, ये सभी कहानियां पढ़ने में रोचक तो हैं ही, इनसे तुम्हें अच्छे, समझदार और साहसी बनने की प्रेरणा भी मिलेगी। 'दादू आए खुशियां लाए' कहानी में रोहित की बाजारू खाना खाने की आदत को उसके दादाजी कैसे सुधारते हैं, इसे पढ़ सकते हो। किसी संकट के समय में भी धैर्य और साहस से दूसरे की मदद की जा सकती है, इसे 'हारिए न हिम्मत' कहानी में रोचक तरीके से बताया गया है। कुछ इसी तरह की कहानी 'पकड़ा गया चोर' है। इसमें नंदन कैसे बुद्धिमानी से चोर को पकड़वाता है, यह पढ़ सकते हो। दो भाइयों सागर, आकाश और उनकी पालतू बिल्ली किट्टी की मजेदार कहानी है 'और वह रोने लगी।' इस किताब में जानवरों पर आधारित भी दो कहानियां हैं। 'खों खों दादा सुधर गए' में गुस्सैल बंदर की कहानी है तो 'आलस का परिणाम बुरा' में डॉगी के बच्चे की कहानी है। इन सभी कहानियों को पढ़ने में तुम्हें बहुत मजा आएगा। *




**पुस्तक:** हारिए न हिम्मत, **लेखक:** डॉ. दिनेश पाठक 'शशि', **मूल्य:** 350 रुपए, **प्रकाशक:** जान्हवी प्रकाशन, दिल्ली

## जीके क्विज-179

1. आईसीसी वूमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच कौन बनीं?
2. हाल ही में रायपुर में छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन का उद्घाटन किसने किया?
3. महाराष्ट्र में औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का नया नाम क्या रखा गया है?
4. वर्ल्ड चिल्ड्रेंस-डे कब मनाया जाता है?
5. विश्व मधुमेह दिवस (वर्ल्ड डायबिटीज डे) कब मनाया जाता है?
6. किस पशु को रेगिस्तान का जहाज भी कहा जाता है?
7. इन दिनों सोनपुर का मेला किस राज्य में चल रहा है?
8. 'ग्रैंड मास्टर' शब्द का संबंध किस खेल से है?
9. श्रीलंका की राजधानी कहां है?
10. महाराष्ट्र के वर्तमान मुख्यमंत्री कौन हैं?



बच्चो, जीके क्विज-179 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-178 का उत्तर :** 1.दक्षिण अफ्रीका, 2.हरमनप्रीत कौर, 3.रोहित शर्मा, 4.साने तकाइची, 5.न्यायमूर्ति सूर्यकांत, 6.अमित शाह, 7.अवतल लेंस, 8.कार्बन डाइऑक्साइड, 9.ऑस्ट्रेलिया, 10.LVM3-M5 (बाहुबली रॉकेट)

**जीके क्विज-178 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, चुनेंद्र-बालोद, रितेश-मटियारी, आद्या-मानपुर, मन्नत-कैथल, सौरभ-बालोद, प्रतीक-बलौदा बाजार, दिव्या-रोहतक, साकेत-महासमुंद, कमल-महेंद्रगढ़, रोशन-रायपुर

## रंग भरो-189

**रंग भरो-189** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





रितेश, मटियारी



आशना, जांजगीर



प्रियांशु, रायपुर



ईशान, ई-मेल से



सूर्यांश, बिलासपुर



पराग, ई-मेल से

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, साकेत-भोपाल, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, रोहन-बिलासपुर, कोमल-कोरबा

## रंग भरो 190



बच्चो, यहां गार्डन में साथ मिलकर दौड़ रहे बच्चों का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### हत्या के केस में दोषी को उम्रकैद

**फतेहाबाद।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश तरुण सिघल की अदालत ने हत्या के मामले में दोषी प्यारेलाल पुत्र हुक्मा राम निवासी समैन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने दोषी पर 1 लाख का जुर्माना भी लगाया है, जो पीड़ित परिवार को क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने बताया की मामला 11 मार्च 2020 को दर्ज हुआ था, जब शिकायतकर्ता बलराज उर्फ राजू पुत्र जीवन राम निवासी समैन ने आरोपी प्यारेलाल पुत्र हुक्मा राम निवासी समैन व उसके भाई मनोज कुमार के विरुद्ध हत्या के आरोप मे थाना सदर टोहाना में 11मार्च 2020 दर्ज करवाई थी।

### श्री दुर्गा महिला कॉलेज में शहीदी दिवस पर कार्यक्रम

**टोहाना।** श्री दुर्गा महिला महाविद्यालय के प्रांगण में पंजाबी विभाग के तत्वाधान में श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ रणधीर सिंह बेनीवाल ने किया। उन्होंने गुरु जी की शहादत को नमन करते हुए कहा कि गुरु जी की शिक्षाएं मानवीय मूल्यों, धर्म संकीर्ण और साहस पर केंद्रित थी। इस कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग, शब्द गायन, भाषण व प्रश्नोत्तरी मुकाबला करवाया गया जिसके अंतर्गत छात्राओं ने गुरु तेग बहादुर जी के शब्द व श्लोक आधारित पोस्ट बनाये, शब्द गायन किया। पंजाबी विभाग प्रभारी मनदीप कौर ने शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में छात्राओं को गुरु तेग बहादुर जी के संपूर्ण जीवन के बारे में बताया।

### कार-मोटरसाइकिल की टक्कर में पेंटर घायल

**सिरसा।** जिला के गांव चकेरियां के समीप कार-मोटरसाइकिल की टक्कर में बाइक सवार पेंटर घायल हो गया। पेंटर मोटरसाइकिल से काम के बाद अपने घर आ रहा था। रास्ते में यह हादसा हो गया। पुलिस को दी शिकायत में गांव ओटू निवासी जगसीर सिंह ने बताया कि वह पेंटर का काम करता है। बीते दिवस वह वैदवाला से पेंटर का काम करके बाईक पर सवार होकर गांव आ रहा था। उसी समय शाम करीब साढे 7 बजे वह चकेरिया नजदीक छोटा माइनर के पास पहुंचा तो ओटू की ओर से कार आ रही थी। कार चालक ने अचानक मोड़ दी और उसका बाइक कार में जा लगा। इस दौरान वह नीचे गिर गया और चालक कार लेकर फरार हो गया।

### मोटरसाइकिल छीनने मामले में दो गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार को बंधक बनाकर उसकी मोटरसाइकिल छीनने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान रानियां थाना क्षेत्र के गांव बालासर के सुखविंद्र सिंह और दीपा सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने छीनी गई बाइक भी बरामद कर ली है। रानियां थाना एसएचओ गुरमविंदर सिंह ने बताया कि इन दोनों आरोपियों ने बीते दिन एक बाइक सवार को बंधक बनाकर उसकी बाइक छीन ली थी। एसएचओ ने बताया कि दोनों आरोपी लंबे समय से नशे के आदी थे। नशे की लत पूरी करने के लिए वे आए दिन छीना-झपटी की वारदातों को अंजाम देते थे।

### आनंद बैनीवाल बने ओढां के थाना प्रभारी

**सिरसा।** पुलिस थाना ओढ़ा में कार्यरत महिला इंस्पेक्टर कमलेश रानी का तबादला होने के बाद नवनियुक्त थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर आनंद कुमार बैनीवाल ने कार्यभार संभाल लिया। नवनियुक्त थाना प्रभारी ने चार्ज संभालने के पश्चात स्टाफ सदस्यों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कर्मचारी अपना कार्य ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा से काम करें। नशे के खिलाफ डीजीपी व एसपी द्वारा चलाए जा रहे अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों की जांच करने और निष्पक्ष होकर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी अपना काम सही ढंग से करें और जनता की शिकायतों व समस्याओं को सुनकर मौके पर ही उनका निपटान करें।

### संगीत, नृत्य और नाटक के रंगों से सराबोर हुआ परिसर

# सीडीएलयू में युवा महोत्सव : दिखा कला और संस्कृति का शानदार संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में चल रहे युवा महोत्सव के चौथे दिन गुरुवार को युवा ऊर्जा, सृजनशीलता और सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत संगम देखने को मिला। विश्वविद्यालय परिसर संगीत, नृत्य और नाटक के रंगों से सराबोर रहा। उद्घाटन सत्र में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद के कुलपति प्रो. रामपाल सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रो. रामपाल सैनी ने अपनी मधुर रागिनी प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। उन्होंने जाने माने गायक पंडित मांगे राम की रागनी गंगा-जी तेरे खेत में के माध्यम से हरियाणा की समृद्ध संस्कृति बारे में बड़े ही बेहतरीन तरीके से प्रस्तुति दी। उन्होंने भारत की प्रसिद्ध नदी गंगा के बारे में रागनी के माध्यम से बताया कि गंगा समस्त संसार का जीवन दाता है सुख के साथ साथ सजीवता प्रदान करने का माध्यम है। इतना ही नहीं ये समस्त संसार के लिए मुक्ति दाता भी है।



**सिरसा।** सीडीएलयू में आयोजित युवा महोत्सव में प्रस्तुति देती छात्रा।

#### प्रस्तुतियों ने लूटी वाहवाही

सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि सफलता के लिए धैर्य और समर्पण अनिवार्य हैं। कुछ मिनटों की प्रस्तुति के लिए विद्यार्थी महीनों तैयारी करते हैं, यही मेहनत हमें गर्व और प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, सृजनशीलता और नेतृत्व क्षमता के निर्माण का माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में प्रबंधकीय दक्षता, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच का विकास करते हैं। सीडीएलयू का यह महोत्सव न केवल प्रतिभा का उत्सव है, बल्कि यह विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। प्रो. राजकुमार ने कहा कि सीडीएलयू द्वारा आयोजित यह युवा महोत्सव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में प्रेरणास्रोत है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सृजनशीलता का भाव जागृत करते हैं। इंडियन ऑर्केस्ट्रा, जनरल फोक सॉन्ग और वन एक्ट प्ले जैसी ऊर्जावान प्रस्तुतियों ने दर्शकों की वाहवाही लूटी। इंडियन ग्रुप सॉन्ग, हरियाणवी फोक सॉन्ग (सोलो), हरियाणवी फोक इंस्ट्रूमेंटल (सोलो) और वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंटल सोलो प्रतियोगिताओं ने संगीत का जादू बिखेरा। क्विज फाइनल ने विद्यार्थियों की ज्ञान-प्रतिभा को प्रदर्शित किया। रंगोली और इंस्टॉलेशन आर्ट प्रतियोगिताएँ रचनात्मकता का आकर्षण बनीं।

### डीईओ ने दी अंतिम चेतावनी

# पीटीएम के नाम पर अवकाश के दिन नहीं खुलेंगे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

अवकाश के दिन पीटीएम के नाम पर स्कूल खोलने की मिल रही शिकायतों को शिक्षा विभाग ने गंभीरता से लिया है। इसको लेकर फतेहाबाद की जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को एक लेटर जारी किया है। डीईओ ने लेटर में सभी बीईओ को निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में छुट्टी के दिन स्कूल न खोले जाएं। अगर कोई स्कूल निर्देशों की उल्लंघना करता है तो उसके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए। बता दें कि अधिकतर निजी स्कूलों में दूसरे शनिवार को अवकाश होता है। विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कई प्राइवेट स्कूल संचालक छुट्टी के दिन पेरेंट्स-टीचर मीटिंग यानि पीटीएम के नाम पर स्कूल खोल रहे हैं और विद्यार्थियों और उनके परिजनों को स्कूल बुलाते हैं। ऐसे में शिक्षा विभाग को लगातार इस बारे शिकायतें मिल रही थी। डीईओ संगीता बिश्नोई ने खंड शिक्षा अधिकारियों को लिखे पत्र में कहा है कि अक्सर देखने में आया है कि कुछ निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के द्वारा राजपत्रित अवकाश वाले दिन भी स्कूल खोले जा रहे हैं जोकि नियमानुसार गलत है।


डीईओ संगीता बिश्नोई।

#### जिले में 200 से ज्यादा प्राइवेट स्कूल

बता दें कि जिले में 200 से ज्यादा प्राइवेट स्कूल हैं। इनमें प्राइमरी से लेकर सीनियर सेकेंडरी स्कूल तक शामिल हैं। पहले भी छुट्टी के दिन स्कूल खुले रखने के कई मामले सामने आ चुके हैं। कुछ दिन पहले हरियाणा दिवस पर रतिया की अकाल एकेडमी में सरकारी छुट्टी के दिन भी क्लासें चलती मिली थीं। प्रशासन को इसकी शिकायत मिली तो एसडीएम ने बीडीपीओ को मौके पर जांच के लिए भेजा। बीडीपीओ पहुंचे तो स्कूल में बच्चे मौजूद मिले और पढ़ाई चल रही थी। इसके बाद और सख्ती का फैसला लिया गया।

# सुनार समाज ने भाजपा जिलाध्यक्ष के सामने रखी धर्मशाला व लाइब्रेरी के लिए भूमि की मांग

- युवा समाजसेवी नरेश सोनी के निवास स्थान पर आयोजित कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा का सुनार समाज ने पगड़ी बांधकर और शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। यह कार्यक्रम युवा समाजसेवी नरेश सोनी के निवास स्थान पर आयोजित हुआ, जिसमें सुनार समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस मौके पर समाज के प्रतिनिधियों ने शहर में धर्मशाला और लाइब्रेरी निर्माण के लिए भूमि कलेक्टर रेट पर उपलब्ध करवाने की मांग रखी। जोड़ा ने भरोसा दिलाया कि वह जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात कर समाज के लिए भूमि उपलब्ध करवाने की सिफारिश करेंगे। पत्रकारों से बातचीत में जोड़ा ने कहा कि भूना शहर में जलभराव की समस्या को लेकर सरकार पूरी तरह गंभीर है। वर्ष 2022 और 2025 में आई जलभराव स्थिति की समीक्षा करते हुए भविष्य के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। शहर में बाईपास के साथ दो नई ड्रेनें बनाई जाएंगी ताकि स्थायी समाधान निकाला जा सके। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में भी प्रभावित लोगों को करोड़ों रुपये का मुआवजा दिया गया था, और इस बार हुए नुकसान का भी प्रशासन द्वारा आंकलन करवाकर मुआवजा देने की संभावना है। इस अवसर पर नगर पालिका पार्षद सुशील सोनी, पार्षद प्रतिनिधि बलजीत सोनी, डॉक्टर सीताराम सोनी, कृष्ण कुमार सोनी नहला, राजबीर सोनी ढाणी डूल्ट, धर्मपाल सोनी आदि मौजूद रहे।


**भूना।** बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा को सम्मानित करते सुनार समाज के लोग।

### युवा महोत्सव झूमर-2025 का आरपीएस इंजि.कॉलेज बलाना बना ओवरऑल चैम्पियन




**महेंद्रगढ़।** आरपीएस कॉलेज बलाना में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी के सौजन्य से हरी-भरी वादियों, अरावली की शैल मालाओं के बीच 8वां तीन दिवसीय जोनल युवा महोत्सव झूमर का अंतिम दिन ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ संपन्न हुआ। इस गौरवशाली महोत्सव में आरपीएस इंजिनियरिंग कॉलेज बलाना ने अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीतकर अपनी सर्वश्रेष्ठता को एकबार फिर से साबित कर दिया है। पूरे जोन के लगभग तीन हजार विद्यार्थी विभिन्न सात मंचों पर अपनी असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे थे। विभिन्न कॉलेजों से आए इन प्रतिभागियों ने 46 इवेंट्स प्रतियोगिता में भाग लिया, जिससे यह युवा महोत्सव भारतीय व हरियाणवी संस्कार व धरोहर को दर्शाने वाला एक भव्य मंच सिद्ध हुआ। विश्वविद्यालय की तरफ से युवा महोत्सव विजेता महाविद्यालय को 21 हजार की राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. दिलबाग सिंह, विशिष्ट अतिथि आरपीएस चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, संस्था सीईओ इंजि. मनीष राव, संस्था डिप्टी सीईओ कुनाल राव, डॉ. करण सिंह डीएसडब्ल्यू, डॉ. अदिति शर्मा डीवाईडब्ल्यू एवं डॉ. सुशांत असिस्टेंट डॉयरेक्टर एडीवाईडब्ल्यू रहे। विशेष रूप से आमंत्रित अतिथि कॉलेज डायरेक्टर महेश यादव, रजिस्ट्रार डॉ. देवेन्द्र यादव, डीन प्रो. आरएस यादव, प्रिंसिपल डॉ. देवेन्द्र कादयान, डीन डॉ. हेमन्त कुमार रहे।

### कुलदीप बिश्नोई ने रतिया में किया श्री गुरु जंभेश्वर मंदिर का लोकार्पण

**रतिया।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने गुरूवार को फतेहाबाद जिले के रतिया में अनेक कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित गुरू जंभेश्वर मंदिर का लोकार्पण भी किया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि गुरू जंभेश्वर भगवान द्वारा बताए गए 29 नियम मानव जीवन का आधार है। समाज की एकजुटता ही सबसे बड़ी ताकत है, इसलिए सभी एकजुट होकर रहें। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारे व सहयोग की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि गुरू जंभेश्वर महाराज ने हमेशा सत्य, सेवा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलकर समाज के हित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि अगर माता-पिता या साथियों को डोर की तरह काटकर फेंक दोगे, तो अंत पतन से भरा होगा, इसलिए मां-बाप की सेवा करें। आपस में भाईचारा व प्ेरम बनाकर रहना चाहिए। संतों का एक-एक शब्द मोतियों की तरह है।


रतिया। बिश्नोई मंदिर लोकार्पण करते कुलदीप बिश्नोई।

## न्यूज डायरी

### दयालुता समाज को जोड़ने की महत्वूपर्ण कड़ीः साहुवाला

**सिरसा।** लायंस क्लब सिरसा अमर के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रमेश साहुवाला ने चतरगढ़पट्टी में श्रद्धालुओं को कहा कि दयालुता किसी का भी जीवन बदल सकती है। दयालुता मानवीय जीवन का एक मूलभूत हिस्सा है, जो जाति, धर्म, राजनीति, लिंग और स्थान का भेदभाव नहीं करती। साहुवाला ने कहा कि हमें विश्व में दया, करूणा और सहानूभूति को बढ़ावा देना चाहिए। आज के युग में, जब प्रतिस्पर्धा और तनाव बढ़ रहे हैं, दयालुता ही वह ऊर्जा है जो समाज को जोड़ती है और मन को संतुलन देती है। उन्होंने कहा कि दयालुता कमजोरी नहीं, बल्कि एक मानसिक शक्ति है। उन्होंने कहा कि भारत की प्राचीन संस्कृति में दयालुता को सर्वोच्च मानवीय गुण माना गया है। इसलिए जरूरी है कि हम एक-दूसरे के प्रति दयालु होने होने का भाव रखे ताकि हम विश्व शांति के लक्ष्य प्राप्त कर सकें। हमें अपने अंदर प्रेम, शांति, सहयोग, सम्मान, सकारात्मक गुणों को विकसित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें दयालुता को एक विश्व आंदोलन का रूप देना होगा।

### दुकान से नकदी चुराने के मामले में दूसरे आरोपी को किया गिरफ्तार

**सिरसा।** सिविल लाइन थाना सिरसा पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चतरगढ़पट्टी सिरसा क्षेत्र में स्थित एक घर में बनी दुकान के गल्ले से 9300 रूपए की नकदी चोरी की घटना के एक अन्य आरोपी को दबोचा है। सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि चतरगढ़पट्टी सिरसा निवासी कृष्ण कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर में ही करियाने की दुकान करता है और घर में खाना खाने के लिए गया था। इस दौरान दो अज्ञात युवक आए और दुकान में घुसकर गल्ले से 9300 रूपए की नगदी निकालकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना सिविल लाइन सिरसा में चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई। उन्होंने बताया कि सिविल लाइन थाना पुलिस टीम ने जांच के दौरान महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए एक अन्य आरोपी की पहचान राहुल निवासी वार्ड नंबर 31 नजदीक तुलसी करियाणा स्टोर चतरगढ़पट्टी सिरसा के रूप में हुई है।

### ब्रह्माकुमारीज संस्थान आनंद सरोवर में सेमिनार का आयोजन

**सिरसा।** ब्रह्माकुमारीज संस्थान आनंद सरोवर में विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षाविदों ने भाग लिया। आनंद सरोवर संस्थान की निदेशिका राजयोगिनी बिंदू ने शिक्षाविदों के साथ विचारों को सांझा करते हुए कहा कि कार्यस्थल पर सामंजस्य बनाए रखना विकास और आंतरिक शक्ति के लिए महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों में उमंग उत्साह बढ़ाने के लिए प्रेरणा देते हुए, उन्होंने कहा कि जिस प्रकार कोई नई उपलब्धि के दौरान हमें खुशी मिलती है उसी तरह यदि हम उत्साह के साथ अगर बच्चों को शिक्षा देने का कार्य करते हैं तो हमारे प्रकम्पन्न से विद्याथ्र्यिों में भी उत्साह की लहर दौड़ती है और उनकी शैक्षणिक योग्यता का विस्तार होता है।

हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

प्रथम पुरस्कार (कार, 1 नग )
1. ब्रिज शंकर सुपुत्र श्री मानव लाल आहूजा, न्यू मॉडल टाऊन, हिसार

द्वितीय पुरस्कार (स्कूटी, 2 नग )
1. नैनिका मौर्या सुपुत्री श्री उत्कर्ष मौर्या, हालू बाजार, भिवानी
2. उदयभान सुपुत्र श्री देवदत्त शुक्ला, लाईन पार एरिया, बहादुरगढ़

तृतीय पुरस्कार (एलईडी टीवी, 2 नग )
1. श्रीमति मंजू पत्नी श्री विनोद कुमार, म.नं. 1564, एनएचबी कॉलोनी, रोहतक
2. समर तायल सुपुत्र श्री भुनेश्वर तायल, आदर्श नगर, महेन्द्रगढ़

चौथा पुरस्कार (रेफ्रीजरेटर, 2 नग )
1. दरिया सिंह सुपुत्र श्री हरिराम, 232/28, मालवीय नगर, सोनीपत
2. प्रथम कुमार साहू सुपुत्र श्री दिवांकर साहू, नजदीक तालाब चौक, झज्जर

पांचवा पुरस्कार (वाशिंग मशीन, 2 नग )
1. जितेन्द्र कुमार सुपुत्र श्री बिशम्बरदयाल, गौतम नगर, रेवाड़ी
2. रेयांश माथुर सुपुत्र श्री प्रेमलाल माथुर, रतिया रोड़, फतेहाबाद

छठा पुरस्कार (माईक्रोवेव ऑवन, 3 नग )
1. आरती, म. नं. 119, धर्मबीर कॉलोनी, वार्ड नं. 3, घरौंडा, करनाल
2. महासिंह सुपुत्र श्री रणजीत सिंह, राजनगर, कैथल रोड, जीन्द
3. श्री दलबीर सिंह सुपुत्र कपूर सिंह, वार्ड नं. 1, हिसार बाईपास, शास्त्री नगर, रोहतक

सातवां पुरस्कार (गैस स्टोव (2 बर्नर), 3 नग )
1. सीमा धर्मपत्नी श्री राकेश जुलाना, जीन्द
2. लक्ष्मण दास नम्बरदार पुत्र श्री कंवरभान, दुजाना, बेरी, झज्जर
3. राम निवास सुपुत्र श्री बिरजू, गांव माजरा, भाखली, रेवाड़ी

आठवां पुरस्कार (इंडक्शन कुक टॉप, 5 नग )
1. श्री सोमदत्त त्यागी सुपुत्र श्री मनजीत राम त्यागी, 449 बी, ओल्ड डीसी रोड, सोनीपत
2. श्रीमति ओमवति सुपुत्र भूप सिंह, गांव व डा. बलंभा, तह. महम, रोहतक
3. सचिन सुपुत्र श्री रत्तन लाल, मौहल्ला मिराजी, शिव नगर, वार्ड नं. 20, नारनौल, महेन्द्रगढ़
4. आदित्य वर्मा पुत्र श्री भीम सिंह निवासी निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी
5. राजबीर, श्री वीर सहाय, भट्टू रोड, मुलाना सिनेमा, फतेहाबाद

नौंवा पुरस्कार (रुम हीटर, 5 नग )
1. लेखपाल सुपुत्र श्री रामदिया, बख्तावरपुर, सोनीपत
2. चेतना देवी धर्मपत्नी श्री नरेन्द्र, महराना, झज्जर
3. चन्द्रभान पुत्र श्री रतन सिंह, निवासी दुल्हेड़ा, जिला झज्जर
4. फिलीना गाहलयान पुत्री श्री जितेन्द्र सिंह, मकान नं. 11, पार्क कालोनी, भिवानी
5. रोहताश पुत्र श्री रामचन्द्र निवासी गांव दौलतपुर जिला हिसार

दसवां पुरस्कार (प्रेशर कूकर, 5 नग )
1. दीपांशु सुपुत्र श्री दुष्यंत कुमार, गांव गोलिका, मनेठी, रेवाड़ी
2. श्री रणधीर सिंह सुपुत्र चेतन सिंह, वार्ड 6, कलानौर, रोहतक
3. राधा कृष्ण पुत्र श्री सूरजभान, मकान नं. 1446/12 क्वार्टर रोड, शिव मंदिर के पास, हिसार
4. राजबीर सिंह पुत्र श्री होश्यार सिंह, गांव बामनौली, बहादुरगढ़, जिला झज्जर
5. सुरेश कुमार सुपुत्र श्री मुखराम प्रजापत, वार्ड नं. 6, पुराना बाजार, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़

आवश्यक सूचना
1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

- कार्यालय पता -
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005, 7988727916

### विश्व निमोनिया दिवस पर सांस अभियान की शुरुआत

# बच्चों में निमोनिया की समय पर पहचान व उपचार पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

विश्व निमोनिया दिवस पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में बाल निमोनिया से होने वाली मृत्यु को कम करने के उद्देश्य से सांस अभियान का शुभारंभ किया गया है। सिविल सर्जन डॉ. बुधराम ने बताया कि निमोनिया पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में मृत्यु का प्रमुख कारण है, जबकि समय पर पहचान एवं उचित ईलाज से इसे रोका जा सकता है। निमोनिया नहीं तो बचपन सही इस नारे के साथ यह आयोजन समाज के हर वर्ग को इस दिशा में एकजुट करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि निमोनिया के लक्षण पहचान कर बच्चे को तुरंत स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पास या स्वास्थ्य केंद्र में लेकर जाएं। जिला प्रतिरक्षण अधिकरी डॉ. सन्नी मल्होत्रा ने कहा कि सांस अभियान के माध्यम से समाज स्तर से लेकर स्वास्थ्य संस्थानों तक बाल निमोनिया की रोकथाम एवं प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आशा व अन्य फ्रंट लाइन स्वास्थ्य कर्मचारियों को बच्चों में निमोनिया के लक्षणों की पहचान एवं शीघ्र रैफरल की दिशा में प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि प्रत्येक बच्चे की जान समय पर बचाई जा सके। पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में निमोनिया से होने वाली मृत्यु को कम करना, समाज में जागरूकता लाना ताकि निमोनिया की समय पर पहचान एवं ईलाज हो सके, स्वास्थ्य संस्थानों में बालरोग सेवाओं को शक्तिशील बनाना, सभी बच्चों को पीसीवी की तीन खुराक 6 सप्ताह, 14 सप्ताह व 9 माह पर बुस्टर दिलवाना सुनिश्चित करना है।


**फतेहाबाद।** स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की बैठक लेते सिविल सर्जन डॉ. बुधराम।

#### इन बिंदुओं का रखा जाएगा ख्याल

*सांस अभियान के दौरान आशा, एएनएम व सीएचओ कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में बुखार, खांसी या सांस लेने में कठिनाई होने के लक्षण की पहचान करना है। इसके साथ ही संदिग्ध बच्चों को निकट के स्वास्थ्य केन्द्र पर रैफर करना एवं प्रारंभिक ईलाज देना, जिला अस्पताल व स्वास्थ्य केन्द्रों में ऑक्सीजन, पल्स ऑक्सीमीटर, नेबुलाइजर आदि आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करना, माताओं एवं अभिभावकों में निमोनिया के लक्षण, कारण एवं बचाव के उपाय पर आईईसी कार्य क्रियाएं चलाना तथा स्वच्छ ईंधन का उपयोग, घरों में धुंए से बचाव एवं वायु प्रदूषण कम करने पर विशेष बल देना है।*

## खबर संक्षेप



### कपड़ा व्यापारी से ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** ऑनलाइन पेमेंट के बहाने कपड़ा व्यापारी से धोखाधड़ी करने के मामले में शरह फतेहाबाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सीताराम उर्फ गोलू पुत्र सोहनलाल निवासी गांव ढांड, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से 16,800 रुपये की नकदी बरामद की है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि इस बारे पुलिस ने विनोद मेहता पुत्र जगतराम निवासी गली नं. 2, जगजीवनपुरा फतेहाबाद ने शिकायत दर्ज करवाई थी।



### पुराने सिक्कों के नाम पर ठगी, आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** पुराने सिक्कों के नाम पर 61 लाख से अधिक की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ब्रजिंदर सिंह पुत्र जरनैल सिंह निवासी गांव बोहन, जिला होशियारपुर, पंजाब के रूप में हुई है। थाना साइबर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि शिकायतकर्ता बलबीर सिंह पुत्र रामनाथ निवासी रतिया, जिला फतेहाबाद ने थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने पुराने सिक्कों के बदले अधिक राशि मिलने के संबंध में एक विज्ञापन देखा था। विज्ञापन में दिए गए नंबरों पर संपर्क करने पर आरोपियों ने शिकायतकर्ता को झांसे में लेकर पुराने सिक्कों के एवज में बड़ी रकम देने का विश्वास दिलाया। शिकायतकर्ता से अलग-अलग दिनों में विभिन्न ट्रांजेक्शनों के माध्यम से कुल 61 से ज्यादा पैसे अपने बताए गए अलग-अलग खातों में डलवा लिए।

### महायज्ञ एवं रुद्र यज्ञ 21 से 29 नवम्बर तक

**फतेहाबाद।** विश्व शांति, कल्याण और धार्मिक आस्था के प्रसार के उद्देश्य से सर्व श्री चण्डी माता मंदिर एवं ट्रस्ट, बरसीन रोड, अशोक नगर, फतेहाबाद में श्री शतचंडी हवनात्मक महायज्ञ एवं रुद्र यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक कार्यक्रम 21 से 29 नवम्बर तक चलेगा, जबकि पूर्ण आहुति एवं भण्डारा 29 नवम्बर को आयोजित होगा। यह आयोजन माता सत्यम्-देवा की ओर से किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महामण्डलेश्वर स्वामी कर्णपुरी जी पुरी धाम, रोहतक करेंगे। कार्यक्रम के तहत 21 नवम्बर शुक्रवार को प्रातः 9:15 बजे कलश यात्रा का आयोजन होगा। यह कलश यात्रा श्रीराम सेवा समिति धर्मशाला, चिल्ली वाली से प्रारंभ होकर सर्व श्री चण्डी माता मंदिर तक पहुंचेगी। पूजन एवं यज्ञ प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक और यज्ञ व आरती सांय 3 बजे से 5:15 बजे तक संपन्न होंगे।

### फतेहाबाद की टीम का चयन 18 को भूना में

**फतेहाबाद।** प्रदेश स्तरीय कुश्ती मुकाबलों के लिए फतेहाबाद की टीम का चयन मंगलवार, 18 नवंबर को श्री हनुमान कुश्ती अखाड़ा, भूना में आयोजित ट्रायल से किया जाएगा, जिसमें जिले के नामी पहलवान हिस्सा लेंगे। फतेहाबाद कुश्ती एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश सेलपाड़ व सचिव सुरेश कुमार ने बताया कि यह ट्रायल जिले के सीनियर वर्ग के श्रेष्ठ पहलवानों के चयन के लिए आयोजित किया जा रहा है, ताकि वे आगामी राज्य स्तरीय मुकाबलों में जिला फतेहाबाद का प्रतिनिधित्व कर सकें। कुश्ती एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश सेलपाड़ के अनुसार ट्रायल के दौरान पहलवानों का वजन मंगलवार 18 नवंबर को ही सुबह 9 से 10 बजे तक ही लिया जाएगा। उसके बाद बाद किसी का वजन नहीं किया जाएगा।

---

### बालासर में खेल महोत्सव, बराला मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे

# मटका दौड़ में कृष्णा देवी प्रथम, निर्मला द्वितीय और अंजू तीसरे स्थान पर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रानियां

फिट युवा फॉर विकसित भारत कार्यक्रम के तहत सिरसा जिले के गांव बालासर के स्टेडियम में वीरवार को राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। सुभाष बराला ने कहा कि हरियाणा खिलाड़ियों की नर्सरी है। प्रदेश के सिरसा जिला ने भी हॉकी सहित कई खेलों में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं। उचित मंच न मिलने के कारण अनेक ग्रामीण प्रतिभाएं उभर नहीं पाती और गलत दिशा की तरफ युवाओं को भटकता देख देश और प्रदेश की सरकार ने खेल पखवाड़ा आरंभ किया है। देश व प्रदेश में ब्लॉक स्तर पर खेल महोत्सव करवाए जा रहें है। विजेता खिलाड़ियों को विधानसभा, जिला और प्रदेश स्तर पर खेलने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि खेलों में भाग लेने से नौजवानों को सही दिशा मिलती है। पिछले कुछ समय से हमारे नौजवानों को पता नहीं किसकी नजर लग गई है। कुछ युवा गलत दिशा में भटक गए है। खेल के मैदान में आने से भटके युवाओं को भी सही दिशा मिलेगी। उन्होंने स्टेडियम में मौजूद ग्रामीणों से संकल्प करवाया कि अपने-अपने आस पास के युवाओं को खेल मैदान में लाने के लिए प्रेरित करें तभी खेल महोत्सव सार्थक होगा। गांव बालासर के सरपंच धर्मपाल की मांग पर उन्होंने खेल स्टेडियम के लिए पांच लाख और गांव बालासर के अन्य विकास कार्यों के लिए पांच लाख रुपये देने की भी घोषणा की।





सिरसा। खेल महोत्सव में मौजूद राज्यसभा सांसद सुभाष बराला व अन्य अतिथि तथा मटका दौड़ में भाग लेती महिलाएं। *फोटो : हरिभूमि*

लोकसभा खेल संयोजक वेद फूलां ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र में खेल महोत्सव में भाग लेने के लिए 45000 युवाओं ने पंजीकरण करवाया है। ब्लॉक स्तर पर पहले व दूसरे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को विधानसभा स्तर पर और वहां अव्वल रहने वाले खिलाड़ियों को लोकसभा स्तर आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेने का मौका मिलेगा। लोकसभा स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आने वाली टीम को 71000 व दूसरे स्थान पर आने वाली टीम को 41000 रुपए का नकद ईनाम दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि स्टेट रिकार्ड तोडऩे वाले खिलाड़ियों का तीन साल का पूरा खर्चा सांसद सुभाष बराला उठाएंगे।

इस दौरान स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। ग्रामीण महिलाओं के मध्य मटका दौड़ करवाई गई। मटका दौड़ में प्रथम स्थान पर कृष्णा देवी, द्वितीय स्थान पर निर्मला देवी व तृतीय स्थान अंजू वाला ने प्राप्त किया। सांसद सुभाष बराला विजेता महिलाओं को नकद पुरस्कार व मेडल देकर सम्मानित किया। बणी और बाहिया गांव की कबड्डी टीम के मध्य मैच से खेल महोत्सव का आगाज हुआ जिसमें गांव बणी की टीम ने ओपनिंग मैच जीता।



सिरसा। खेल महोत्सव में खिलाड़ियों के साथ अमीर चंद मेहता।

#### सांसद खेल महोत्सव खेल प्रतिभा दिखाने का बेहतर अवसरः अमीरचंद मेहता

*सिरसा। सांसद खेल महोत्सव के तहत गांव धिंगतानिया में खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में अमीरचंद मेहता ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। अमीरचंद मेहता ने कहा कि इन खेल प्रतियोगिताओं का मुख्य उदेश्य युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना और उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने के लिए एक उचित और बड़ा मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक फिटनेस सुनिश्चित करते हैं बल्कि टीम वर्क और अनुशासन जैसे महत्वपूर्ण जीवन मूल्यों को भी सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में गांव धिंगतानिया में खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई हैं। उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि वे खेलों की ओर अग्रसर हों और अपने जीवन में आगे बढने के लिए मेहनत करें। इस महोत्सव में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें दौड़, कबड्डी और वॉलीबॉल सहित कई पारंपरिक और लोकप्रिय खेल शामिल थे। बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों और खिलाड़ियों के परिवार अपनी टीमों का उत्साह बढ़ाने के लिए मैदान में पहुंचे। इस अवसर पर जनक राज सैनी, अनिल, भूरा राम डूडी, नंदलाल बैनीवाल सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।*

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर हरकोफैड के चेयरमैन वेद फुलां, जगदीश चोपड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष यतींद्र सिंह एडवोकेट, शीशपाल कंबोज, जिला महामंत्री हनुमान कुंडू, अंबर मेहता, गुरदेव सिंह राही आदि मौजूद रहे।

---

## सभा ने की अंबडेकर पार्क के पास अतिक्रमण हटवाने की मांग, समाधान शिविर में अन्य शिकायतें भी रखी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नगराधीश गौरव गुप्ता ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए कहा कि नागरिकों की शिकायतों का निवारण करना विभाग के अधिकारियों का दायित्व है। इसलिए सभी संबंधित विभाग के अधिकारी समाधान शिविर में जो भी शिकायतें आती है, उनका तत्परता से निपटान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों की शिकायतों का निवारण करना उनका दायित्व है। इसलिए अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि समाधान शिविर में जो शिकायतें प्राप्त हो रही है उनका निपटारा तत्परता से किया जाए।



फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते सीटीएम गौरव गुप्ता।

समाधान शिविर में स्थानीय अमर कॉलोनी निवासी पूजा रानी ने पीपीपी में आय कम करवाने, बनावाली निवासी विजय कुमार ने राशन दिलवाने, स्थानीय शिव चौक निवासी भीमसेन ने पेंशन दिलवाने, जयपाल गोयल ने हाउस टेक्स के बिल ठीक करवाने, बनावाली निवासी औम प्रकाश ने भूमि की तकसीम करवाने, पीलीमंदोरी निवासी कौशल्या देवी व रोशन लाल ने राशन कार्ड बनवाने, बिसला निवासी पूर्ण चंद ने लोन की स्टेटमेंट दिलवाने, दैयड़ निवासी प्रमिला ने संबंधित व्यक्तियों पर कार्रवाई करने, रोशनी देवी ने टाहली वाली ढाणी में फिरनी मैन गली का रास्ता छुड़वाने, धर्मपाल ने सार्वजनिक पार्क में घटिया किस्म का सामान इस्तेमाल करने पर जांच करने की मांग की गइ।

#### ये मामले भी रखे गए

बनमंदोरी के किसानों ने प्रशासन को गुमराह करने व समस्या का स्थाई समाधान करने, बलकार सिंह ने पीपीपी में आय कम करने, भिरड़ाना निवासी कैलाश कौर ने गाली गलौच व मारपीट करने पर संबंधित पर कार्रवाई करने, भूथन खुर्द निवासी राजू बंस ने बिजली की खराब लाइन को ठीक करने, डॉ. भीमराम अंबेडकर सभा के प्रधान ने अंबेडकर पार्क के आसपास अतिक्रमण हटवाने संबंधी अपनी शिकायत रखी। इस अवसर पर डीएसपी जगदीश काजला, डीडीपीओ अनूप सिंह, नप ईओ राजेंद्र सोनी, डीईओ संगीता बिश्नोई, डीडब्ल्यूओ विनोद चावला, डिप्टी सीएमओ डॉ. शरद तुली सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

---

## गुरु तेग बहादुर का जीवन सत्य, धर्म और मानवता के लिए समर्पित रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहीद बाबा दीप सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, अहरवां में आज श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में 'श्री गुरु तेग बहादुर जी का जीवन एवं दर्शन' विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन श्रद्धा एवं गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन प्रकाश एवं अरदास के साथ हुआ। तत्पश्चात संस्थान की चेयरपर्सन शरणजीत कौर ने मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत करते हुए गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, उनके अद्वितीय बलिदान तथा मानवता की रक्षा हेतु दिए गए अमूल्य संदेशों पर प्रकाश डाला।

मुख्य वक्ता डॉ. बीर सिंह, प्रवक्ता, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रतिया ने अपने प्रेरक व्याख्यान में गुरु तेग बहादुर जी के आदर्शों एवं शिक्षाओं की समकालीन प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि गुरु जी का जीवन सत्य, धर्म और मानवता की रक्षा का अनुपम उदाहरण है, जो आज के युग में भी समाज के लिए एक अमर प्रेरणास्त्रोत है।



फतेहाबाद। शहीद बाबा दीप सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, अहरवां में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।

#### शिक्षाओं को आत्मसात करें

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा गुरु जी की शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। अंत में प्रबंधक समिति एवं शिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ममता चौधरी, नर्सिंग महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनूप संधू व वेटरनरी महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सुधीर खन्ना ने अतिथियों, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में गुरु तेग बहादुर जी के त्याग, सेवा और सहिष्णुता की भावना का प्रसार करना था। इस अवसर पर डॉ. रसपाल सिंह, रविकांत गर्ग, विकास कुमार, पूजा, रेणु देवी, अमनदीप कौर, आरती, सलविंदर कौर, अमनदीप कौर,संदीप कुमार सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

---

## हरियाणा ओपन स्टेट बैडमिंटन में दित्या ने गोल्ड व कांस्य पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

फरीदाबाद में आयोजित तीन दिवसीय हरियाणा ओपन स्टेट बैडमिंटन में सिरसा की युवा खिलाड़ी दित्या अरोड़ा ने गोल्ड व कांस्य पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया। इसके साथ ही दित्या अरोड़ा ने नैशनल के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। सिरसा बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव पंकज खेमका ने दित्या अरोड़ा के साथ-साथ कोच ऋषि शर्मा व दीपेश ठक्कर को इस शानदार उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि दित्या अरोड़ा ने हरियाणा ओपन स्टेट बैडमिंटन में सिरसा की तरफ से प्रतिनिधित्व करते हुए



अंडर-11 के डबल्स में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विरोधी खिलाडियों को परास्त करते हुए गोल्ड मैडल पर कब्जा किया। वहीं सिंगल्स में उन्होंने कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने खिलाड़ी दित्या अरोड़ा को बधाई के साथ-साथ भविष्य के लिए शुभकमनाएं दी। कोच ऋषि शर्मा व दीपेश ठक्कर ने बताया कि सिरसा बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से खिलाडिय़ों को बेहतरीन सुविधाएं दी जा रही है।

---

## वायदाखिलाफी के विरोध में रोडवेज कर्मचारी 17 को करेंगे भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश सरकार द्वारा मानी गई मांगों को लागू न करने व सरकार की वायदाखिलाफी के विरोध में रोडवेज कर्मचारियों ने आंदोलन की घोषणा कर दी है। हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन सम्बंधित सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर रोडवेज फतेहाबाद द्वारा 17 नवंबर को अपनी मांगों को लेकर फतेहाबाद में एक दिवसीय भूख हड़ताल की जाएगी। प्रदर्शन में फतेहाबाद डिपो व सब डिपो टोहाना के रोडवेज कर्मचारी बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर रोडवेज वर्कर्स यूनियन की बैठक आज राज्य के वरिष्ठ उपप्रधान एवं फतेहाबाद डिपो प्रधान शिव कुमार श्योराण की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन सचिव सुबे सिंह धनाना ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए डिपो प्रधान शिव कुमार श्योराण ने कहा कि रोडवेज कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा यूनियन के



साथ बातचीत में अनेक मुद्दों पर सहमति जताई थी लेकिन मानी गई इन मांगों को अभी तक लागू नहीं किया गया है, जिससे रोडवेज कर्मचारियों में काफी रोष है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वायदाखिलाफी करते हुए कोरोना काल के दौरान किलोमीटर स्कीम की बसों का संचालन न होने पर भी उन्हें 50 करोड़ रुपए की सौगात दी जा रही है, जिसका रोडवेज कर्मचारी पुरजोर विरोध कर रहे हैं। इसके अलावा ग्रुप डी के कर्मचारियों की मांगों को भी उठाया जाएगा।

---

## क्रेसंट स्कूल के रजत ने स्केटिंग स्पर्धा में जीता सिल्वर मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

क्रेसंट स्कूल के कक्षा पांचवी के प्रतिभाशाली विद्यार्थी हर्षल ने अपनी अद्भुत मेहनत, लगन एवं प्रतिभा के बल पर विद्यालय का नाम पूरे देश में रोशन किया । हर्षल ने उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की आइस स्केटिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया।

प्रधानाचार्या रितु सिंधु एवं विद्यालय प्रबंधन समिति ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल हर्षल के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार के लिए भी अत्यंत हर्ष एवं प्रेरणा का विषय है। इस



फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में विजेताओं को सम्मानित करते प्रधानाचार्या रितु सिंधु।

सफलता के पीछे हर्षल की निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं खेल के प्रति समर्पण झलकता है। प्रधानाचार्या ने हर्षल को इस अद्भुत उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हर्षल जैसे विद्यार्थी विद्यालय के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं, जो शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्टता प्राप्त कर रहे हैं।

---

### 'सरदार @150 पदयात्रा' का गोरखपुर में आयोजन

# सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत किया

- सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन एवं मेरा युवा भारत के संयुक्त तत्वावधान में वीरवार को गांव गोरखपुर में पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्र की एकता और अखंडता को समर्पित रहा, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पदयात्रा का शुभारंभ फतेहाबाद के पूर्व विधायक दुड़ाराम ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने पदयात्रा का नेतृत्व कर युवाओं का हौसला बढ़ाया और पदयात्रा के समापन पर स्कूली बच्चों को सम्मानित किया। यह पदयात्रा गांव गोरखपुर के शिव





फतेहाबाद। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य निकाली जा रही पदयात्रा का नेतृत्व करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा तथा पदयात्रा के समापन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

चौक से प्रारंभ होकर गांव चोबारा से होते हुए राजकीय विद्यालय, गांव मोचीवाली तक आयोजित की गई। हालांकि इससे पूर्व डीआईपीआरओ कार्यालय की ओर से मीडिया को भेजे गए सरकारी प्रेस नोट में कार्यक्रम में शामिल होने वालों में पूर्व विधायक दुड़ाराम का जिक्र नहीं था। बता रहें है कि प्रैस नोट में अपना नाम न देखकर दुड़ाराम ने विभाग के अधिकारी को जमकर लताड़ लगाई है।

पूर्व विधायक दुड़ाराम ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन राष्ट्र निर्माण, कर्तव्यनिष्ठा और दृढ़ता का प्रतीक है। उनकी 150वीं जयंती पर यह कार्यक्रम युवाओं में राष्ट्रभक्ति और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देगा। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती केवल एक समारोह नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता और अखंडता का स्मरण दिवस है।

उन्होंने कहा कि लौह पुरुष पटेल की अद्भुत संगठन क्षमता और सशक्त नेतृत्व ने 562 रियासतों को मिलाकर भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाने की दिशा में नया इतिहास रचा। आज देश की युवा शक्ति उनके आदर्शों को आत्मसात कर भारत को विश्व पटल पर नई पहचान दिला रही है। उन्होंने कहा कि पदयात्रा जैसे आयोजन सरकार की एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। पदयात्रा के समापन पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष ने स्कूली बच्चों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जिला परिषद की अध्यक्ष सुमन खिचड़, जिला प्रभारी सुरेंद्र आर्य, नगर परिषद की उपाध्यक्ष सविता टुटेजा, एसडीएम राजेश कुमार, जिला युवा अधिकारी पूनम कुमारी, अशोक जाखड़, कंवल चौधरी, चंद्र प्रकाश बोस्ती, अनिल सिहाग, जगदीश शर्मा, शालिनी शर्मा, ब्लॉक समिति सदस्य पूजा, सरपंच मंदीप योगी, जगजीत हुड्डा, संजय भारद्वाज, सीताराम पूनिया, मैनपाल गोदारा, बंसीलाल, सुरेश, पूर्व सरपंच राजेंद्र, ओमप्रकाश मेहता, नटवरलाल, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

---

### राजकीय आईटीआई में रोजगार मेला 19 को

**फतेहाबाद।** राजकीय आईटीआई, भोडिया खेड़ा व राजकीय आईटीआई, भिरड़ाना के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय आईटीआई, भोडिया खेड़ा में 19 नवंबर को सुबह 9 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में प्रमुख कंपनी जय भारत मारुति लिमिटेड के प्रतिनिधि अप्रेंटिसशिप/रोजगार चयन हेतु उपस्थित रहेंगे। राजकीय आईटीआई, भोडिया खेड़ा के प्राचार्य रमेश कुमार ने इस बारे जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले में जय भारत मारुति कंपनी द्वारा सभी आईटीआई इंजीनियरिंग ट्रेड के पासआउट बैच 2020 से 2025 के पुरुष एवं महिला उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा, जिनके लिए आयु सीमा 18 से 30 वर्ष निर्धारित है। चयनित उम्मीदवारों को 13500 रुपये प्रति माह का वेतन प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त उन्हें अटेंडेंस अवार्ड, मुफ्त कैंटीन सुविधा और मुफ्त यूनिफॉर्म जैसे लाभ भी दिए जाएंगे। मेले में नामी कंपनियां हिस्सा लेगी।